Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-02-2006

Participants : Athawale Shri Ramdas

>

Title : Need to extend reservation to dalits who have embraced Buddhism in Maharashtra.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : सभापति महोदय, महाराट्र में बाबासाहेब अम्बेडकर जी के नेतृत्व में 14 अक्टूबर, 1956 को बौद्ध धर्म की दीक्षा लेने का काम हुआ था। जब वी.पी. सिंह की सरकार थी, तब उसमें आप भी थे। उनके समय में बुद्धिस्ट लोगों को शैड्यूल्ड कास्ट्स को मिलने वाली सभी सुविधाएं देने का निर्णय हुआ था। मगर 2001 की जनगणना में जो महाराट्र में बुद्धिस्ट्स का रिकार्ड बन गया है, उसमें महाराट्र के सभी बुद्धिस्टों को जनरल कैटेगरी में डाल दिया है। इससे उनको शैड्यूल्ड कास्ट्स का फायदा नहीं मिलता।

भारत सरकार से हमारी इतनी ही मांग है कि अभी डीलिमिटेशन हो रहा है, हमारी बुद्धिस्ट पोपुलेशन 6 परसेंट है और शैड्यूल्ड कास्ट्स की पोपुलेशन 10 परसेंट है। डीलिमिटेशन में शैड्यूल्ड कास्ट्स के लिए विधान सभा की सीटें 48 करनी चाहिए और लोक सभा की 8 सीटें रिजर्व करनी चाहिए और बुद्धिस्टों को भी शैड्यूल्ड कास्ट्स का दर्जा मिलना चाहिए। इसके लिए लॉ मिनिस्ट्री और होम मिनिस्ट्री को प्रयत्न करना चाहिए।